प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 05.11.2024 समय : 01:00 पी.एम.

..........................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि भारत धम्म की पवित्र भूमि है और हर युग में यहां महान गुरु और मनीषी हुए हैं। नई दिल्ली में आज पहले एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भगवान बुद्ध का इन पथ–प्रदर्शकों में अद्वितीय स्थान है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि बोध गया में बोधि वृक्ष के नीचे सिद्धार्थ गौतम का ज्ञान प्राप्त करना इतिहास में एक अद्वितीय घटना है। उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्म का प्रमुख संदेश शांति और अहिंसा पर केंद्रित है और आज दुनिया को करुणा की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने एशिया को मजबूत करने में बौद्ध धर्म की भूमिका पर चर्चा करने की आवश्यकता पर जोर दिया। संस्कृति मंत्रालय, अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ के सहयोग से, बौद्ध धर्म को सम्मानित करने के लिए दो दिवसीय शिखर सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। शिखर सम्मेलन का विषय है "एशिया को मजबूत बनाने में बौद्ध धम्म की भूमिका।"

..........................

प्रदेश में सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए प्रत्याशी जोर–शोर से प्रचार में जुटे हुए है। प्रमुख राजनीतिक दलों भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस सहित अन्य दल तथा निर्दलीय उम्मीदवार अपने पक्ष में मत जुटाने के लिये पूरा प्रयास कर रहे है। वरिष्ठ नेता अपने पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाएं कर रहे है। इसी कडी में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली आज रामगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी आर्यन जुबेर के समर्थन में ढाडोली और केसरोली में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस बीच पात्र दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की प्रकिया का पहला चरण जारी है। कल से 6 विधानसभा क्षेत्रों में शुरू हुई होम वोटिंग के तहत पहले दिन 900 पात्र मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। दौसा में होम वोटिंग कल से शुरू होगी। यहां 7 नवम्बर तक मतदाता अपने वोट डाल सकते है। देवली–उनियारा में 7 नवंबर तक, झुंझुनू, खींवसर और सलूम्बर में 8 नवम्बर तक इस सुविधा का लाभ पात्र मतदाता उठा सकते है। रामगढ़ और चौरासी में होम वोटिंग का पहला चरण आज समाप्त हो जायेगा। पहले चरण के दौरान किसी भी कारण से मतदान से वंचित रहे मतदाताओं के लिए होम वोटिंग का दूसरा दौर 9 और 10 नवम्बर को होगा।

..........................

सूर्य उपासना का महापर्व छठ आज से नहाय–खाय की रस्म के साथ शुरू हो गया है। प्रदेश में रहने वाले बिहार, उत्तराखंड और झारखंड सहित अन्य राज्यों के निवासी आज से ये पर्व मना रहे है। अनुष्ठान में कल खरना का विधान संपन्न होगा। इस दौरान खरना का व्रत किया जायेगा। श्रद्धालु पूरे दिन निर्जला उपवास कर शाम को सूर्य भगवान की पूजा कर प्रसाद ग्रहण करेंगे। गुरूवार शाम को डूबते सूरज को और शुक्रवार सुबह को उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही महापर्व का समापन होगा। जयपुर सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर छठ पर्व की शुरूआत हो गई है। जयपुर में गलताजी सहित विभिन्न क्षेत्रों में पांच लाख से अधिक प्रवासी ये महापर्व मनायेंगे। पाली में लाखोटिया तालाब पर बने छठ घाट की सफाई की गई। उधर हनुमानगढ़ में जंक्शन स्थित शिव कुटिया से शोभा यात्रा निकाली गई।

..........................

राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण योजना के तहत अब डीग में युवाओं को कौशल प्रशिक्षण के साथ रोज़गार भी उपलब्ध कराया जाएगा। डीग के मास्टर आदित्येन्द्र जी राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दिलीप सिंह ने बताया कि नेशनल अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम 2.0 पोर्टल पर लाभार्थी अपना पंजीकरण करा सकते है। इसके साथ ही प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रतिष्ठानों और उद्योगों की ओर से रिक्तियां पोर्टल पर प्रकाशित की जायेगी ताकि विद्यार्थियों को ट्रेनिंग के साथ रोजगार भी मिल सकेगा।

..........................

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आज से 'लोकरंग के रंग' प्रदर्शनी लगाई जा रही है। 8 नवंबर तक लगने वाली इस प्रदर्शनी में 27वें लोकरंग महोत्सव की यादे प्रदर्शित की जायेगी। इस प्रदर्शनी में सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक दर्शक लोकरंग के विभिन्न पहलुओं की झलक देख सकेंगे। केन्द्र की ओर से लोगों से

लोकरंग में खींची गयी तस्वीरों और स्केच की एंट्री मांगी गई थी। अब इन सब तस्वीरों और स्केच को प्रदर्शित किया जा रहा हैं।

..........................